# थार रेल

सितंबर 2024

उत्तर पश्चिम रेलवे



# उदयपुर सिटी - आगरा कैंट- उदयपुर सिटी
# वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन
## का संचालन

2 सितम्बर, 2024



उदयपुर सिटी स्टेशन पर **माननीय सांसद उदयपुर श्री मन्नालाल रावत एवं माननीय विधायक उदयपुर (ग्रामीण), श्री फूल सिंह मीणा** की गरिमामयी उपस्थिति में गाड़ी संख्या **20981 उदयपुर-आगरा कैंट वंदेभारत एक्सप्रेस** को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। यह रेल सेवा सप्ताह में तीन दिन (सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार) को संचालित होगी।

गाड़ी संख्या **12215 /16 दिल्ली सराय रोहिल्ला - बांद्रा टर्मिनस -दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ एक्सप्रेस** रेल सेवा का खैरथल स्टेशन पर ठहराव।

2 सितम्बर, 2024




**दिल्ली सराय रोहिल्ला - बांद्रा टर्मिनस -दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ एक्सप्रेस रेल** सेवा का खैरथल स्टेशन पर ठहराव शुरू हुआ। श्री रामहेत सिंह यादव-पूर्व विधायक किशनगढ़ बास एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा गाड़ी संख्या 12215 के खैरथल स्टेशन पर ठहराव के पश्चात ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024
## के अन्तर्गत सतर्कता परिचय प्रशिक्षण का आयोजन

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अन्तर्गत सतर्कता विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में दिनांक 02.09.24 से 06.09.24 तक 56 सतर्कता निरीक्षकों /जाँच निरीक्षकों के लिए सतर्कता परिचय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में श्री ए के गुप्ता, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सतर्कता निरीक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी के महत्व पर चर्चा की एवं भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सिस्टम सुधार पर भी ध्यान केंद्रित करने के दिशा निर्देश दिए

2 से 6 सितम्बर, 2024



## श्री रविन्द्र गोयल, सदस्य (परिचालन एवम व्यापार विकास) रेलवे बोर्ड का जयपुर का एक दिवसीय दौरा

5 सितम्बर, 2024

श्री रविन्द्र गोयल, सदस्य (परिचालन एवम व्यापार विकास) रेलवे बोर्ड ने जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर प्रधान कार्यालय में महाप्रबन्धक श्री अमिताभ एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने परिचालन से संबंधित कार्यों एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने वाणिज्य विभाग के कार्यों के बारे में प्रेजेंटेशन दिया।



# श्री आर. के. शर्मा, रेल संरक्षा आयुक्त (वेस्टर्न सर्किल) का जयपुर दौरा

प्रधान कार्यालय में श्री आर. के. शर्मा, रेल संरक्षा आयुक्त (वेस्टर्न सर्किल) ने महाप्रबन्धक श्री अमिताभ, सभी विभागाध्यक्षों व मण्डल रेल प्रबंधकों (वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) के साथ संरक्षा रिव्यू बैठक की।संरक्षा रिव्यू बैठक में श्री आर. के. शर्मा, रेल संरक्षा आयुक्त (वेस्टर्न सर्किल) ने संरक्षा को बेहतर बनाने के लिए दिशानिर्देश प्रदान किए तथा उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा के लिए किये जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना की। उन्होंने पैसेन्जर ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर रि-स्टोरेशन के समय बरते जाने वाले संरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की।

5 सितम्बर, 2024






# नवविद्युतीकृत फुलेरा - डेगाना रेल खंड (108 कि मी ) पर दिनांक 06.09.24 को विद्युत ट्रेक्शन से पहली ट्रेन का संचालन किया गया

5 सितम्बर, 2024



# सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर),रेलवे बोर्ड श्री अनिल कुमार खंडेलवाल का उदयपुर स्टेशन का एक दिवसीय दौरा

7 सितम्बर, 2024



श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने अजमेर मंडल के उदयपुर में स्टेशन पर स्टेशन पुनर्विकास कार्यों, यार्ड व रनिंग रूम का निरीक्षण किया। स्टेशन पुनर्विकास के कार्यों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि जताई और शीघ्र कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। यार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैंगमैन, ट्रैकमैन स्टाफ से बात की और फीडबैक लिया। यार्ड में व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# जोधपुर मंडल के नवविद्युतीकृत डेगाना-रतनगढ़ रेलखंड पर विद्युत ट्रेक्शन से पहली यात्री ट्रेन का संचालन

8 सितम्बर, 2024



गाड़ी संख्या 19027 बांद्रा-जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस का विद्युत ट्रेक्शन से किया गया संचालन।

# उत्तर पश्चिम रेलवे और स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच करार ( मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग)

उत्तर पश्चिम रेलवे और स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच एक करार ( मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिससे रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में वेतन खाता खोलने पर अत्याधुनिक बैंकिंग सहित कई अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस एमओयू के तहत, जो कर्मचारी एसबीआई के साथ अपना वेतन खाता खोलते हैं या मौजूदा बचत खाते को वेतन खाते में परिवर्तित करते हैं, उन्हें ₹१ करोड़ तक की व्यक्तिगत दुर्घटना, विकलांगता और आंशिक विकलांगता बीमा कवरेज सहित व्यापक लाभ प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को टर्म इंश्योरेंस, स्वास्थ्य बीमा, लॉकर सुविधाओं और अन्य सुविधाओं पर रियायत मिलेगी । इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी , प्रमुख वित्त सलाहकार व मंडल रेल प्रबंधक जयपुर तथा स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, जयपुर वृत उप महाप्रबंधक उपस्थित रहे ।

10 सितम्बर, 2024



# 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन

उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने प्रधान कार्यालय पर रेल अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसके द्वारा सभी रेलकर्मियों ने 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा 100 अन्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। महाप्रबंधक श्री अमिताभ एवं अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण" कार्यक्रम के तहत सामूहिक वृक्षारोपण भी किया गया। मंडलों, कारखानों, एवं अन्य इकाइयों में भी स्वच्छता शपथ और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्टेशनों पर स्काउट गाइड द्वारा स्वच्छता रैली निकाल कर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक






# उत्तर पश्चिम रेलवे डायनामिक क्यूआर कोड कमिशनिंग में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर
# उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों पर

18 सितम्बर, 2024




अनारक्षित टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन डिजिटल भुगतान प्रारंभ कर दिया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 437 लोकेशनों पर डिजिटल भुगतान हेतु डायनामिक क्यूआर कोड कमिशनिंग कर 100% लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। यह सुविधा टिकट खिड़की पर भी मिलने से टिकट काउंटर पर टिकट लेने जा रहे लोगों को काफी राहत मिलेगी। UPI के जरिए डिजिटल पेमेंट से लोगों को खुले पैसे की परेशानी से निजात मिलेगी। डिजिटल पेमेंट के जरिए कम समय में लोगों को टिकट मिलेगा, जो कि पूरी तरह से पारदर्शिता को भी बढ़ावा देगा।

# 10 सितम्बर से 24 सितम्बर तक राजभाषा पखवाडा 2024 का आयोजन

19 सितम्बर, 2024





उत्तर पश्चिम रेलवे पर दिनांक 10 सितम्बर से 24 सितम्बर तक राजभाषा पखवाडा का आयोजन किया गया। इसके अंतगर्त दिनांक 19.09.24 को प्रधान कार्यालय में महाप्रबन्धक श्री अभिताभ ने समस्त रेलकर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा की शपथ दिलवाई गई एवं राजभाषा पर प्रयोग-प्रसार प्रशिक्षण व प्रोत्साहन के माध्यम से करने का संकल्प लिया गया। महाप्रबन्धक , श्री अमिताभ ने राजभाषा विभाग द्वारा लगाई गई राजभाषा दीर्घा की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जिसमें राजभाषा नियमों, राजभाषा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ ही प्रमुख हिंदी साहित्यकारों के जीवन परिचय व उनकी कृतियां का प्रदर्शन किया गया। रेलवे के कलाकारों द्वारा मेरी भाषा, हिंदी भाषा, राजभाषा विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

# रेलवे , एन.डी.आर.एफ. तथा अन्य एजेंसियों द्वारा बांदीकुई स्टेशन पर आपदा प्रबंन्धन का संयुक्त अभ्यास किया गया

20 सितम्बर

जयपुर मंडल के बांदीकुई स्टेशन पर मॉक ड्रिल की गई जिसके अंतर्गत गाडी संख्या 14422 के बांदीकुई स्टेशन पर कोच संख्या एस-3 एवं एस-4 के अवपथन एवं एस-4 के उपर एस-3 के चढने की सूचना पर आपदा प्रबंधन के लिये तुरन्त सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन एवं दुर्घटना राहत गाड़ी को ऑर्डर कर घटना स्थल, बांदीकुई के लिये रवाना किया गया। इस दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी सहयोगी जैसे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल(एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), नागरिक सुरक्षा-दौसा, राजकीय अस्पताल बांदीकुई, अग्निशमन विभाग एवं सिविल पुलिस बल को सहयोग के लिये तत्काल सूचित किया गया जो कि घटना स्थल पर सहयोग के लिए अपने संसाधनों के साथ उपस्थित हुए तथा बचाव कार्य में सहयोग किया। यह पूरी प्रक्रिया आपदा प्रबंधन के लिये उपलब्ध संसाधनों के चुस्त-दुरूस्त होने एवं अभ्यास के लिये की गयी जिसमें रेलवे के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सब कुछ सही पाया गया एवं अभ्यास सफलतापूर्वक पूरा हो गया।



# 57वीं अन्तर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन

23 से 27 सितम्बर, 2024

रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ के तत्वाधान में जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर में 23 से 27 सितम्बर 2024 तक 57वीं अन्तर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2024 को माननीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री रवनीत सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल तथा 50 मीटर प्रोन राइफल एवं 3 पोजिशन रायफल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री अमिताभ , अपर महाप्रबंधक श्री अशोक माहेश्वरी, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सचिव श्री प्रेम लोचब, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर श्री विकास पुरवार तथा उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं प्रतियोगिता में भाग लेने विभिन्न रेलवे से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।महाप्रबंधक ने सभी व्यक्तिगत और टीम इवेंट में पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।






# श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार ने किया गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

24 सितम्बर



माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार, श्री अश्विनी वैष्णव ने एक दिवसीय जयपुर दौरे पर गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया। माननीय रेल मंत्री ने गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर विभिन्न कार्यों का गहनता से अवलोकन किया एवं कार्य को गुणवत्ता के साथ लक्ष्यानुसार करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान माननीय रेलमंत्री ने महिला कर्मचारियों से संवाद किया तथा उनके साथ सेल्फी ली एवं अन्य कर्मचारियो से भी वार्तालाप कर दिन प्रतिदिन के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। माननीय रेल मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे पर प्रथम बार 72 X 48 मीटर के एयर कॉनकोर्स हेतु गर्डर लॉन्चिंग कार्य के बारे में बताया। माननीय रेल मंत्री ने भारतीय रेलवे में पहली बार गठित "रेल रक्षक दल" का भी अवलोकन किया। माननीय रेल मंत्री ने जयपुर-सवाई माधोपुर रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।



# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 66वीं बैठक का आयोजन

क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 66वीं बैठक का आयोजन किया गया। राजभाषा पखवाडा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ-साथ वर्ष पर्यंत राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को महाप्रबंधक श्री अमिताभ द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस बैठक में महाप्रबंधक महोदय द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे की त्रैमासिक ई-समाचार बुलेटिन मरुधरा के 28वें अंक का विमोचन भी किया गया।

26 सितम्बर





# रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं में निशचेतना (एनेस्थीसिया) के गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार पर सम्मेलन

26-28 सितम्बर




केंद्रीय अस्पताल, उत्तर पश्चिम रेलवे और इंडियन सोसाइटी ऑफ एनस्थेसियोलोजीस्ट के रेलवे संगठन (आरएआईएसए) के संयुक्त तत्वाधान में 30 वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन राईसाकोन 2024 का आयोजन रेलवे अधिकारी क्लब, रेल निकुंज, जगतपुरा, जयपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मान सिंह, महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा) रेलवे बोर्ड तथा गेस्ट ऑफ ऑनर श्री अमिताभ, महाप्रबंधक/उत्तर पश्चिम रेलवे रहे। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय "क्रिटिकल केयर, ऑकोलॉजी और ऑपरेटिंग रूम और दर्द इकाई का प्रोटोकॉल था। इस विषय पर चर्चा करने के लिए देश भर के रेलवे के विशेषज्ञ और प्रशासक एकत्रित हुए। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, कार्यशालाएं और चर्चा सत्र आयोजित किए गए।

# महाप्रबन्धक श्री अमिताभ का बीकानेर मंडल का एक दिवसीय दौरा

26-28 सितम्बर

महाप्रबन्धक श्री अमिताभ द्वारा बीकानेर मंडल के श्रीगंगानगर- बीकानेर रेल खंड पर स्थित श्रीगंगानगर, बनवाली, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, लालगढ़ स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों के निरीक्षण करते हुए सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, मुख्यद्वार का अवलोकन किया एवं उचित दिशा निर्देश दिए । महाप्रबंधक द्वारा श्रीगंगानगर स्टेशन पर नवनिर्मित ऑफिस कॉम्प्लेक्स का उदघाट्न भी किया गया। हनुमानगढ़ स्टेशन के यार्ड में आरयूबी और वाशिंग लाइन का निरीक्षण किया एवं कोच केयर कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग का उद्घाटन किया। महाप्रबन्धक ने सूरतगढ़ स्टेशन पर प्रेस मीडिया को संबोधित भी किया गया।








# उत्तर पश्चिम रेलवे

सुरक्षित एवं तेज़ संपर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे के संकल्प

www.nwr.indianrailways.gov.in

NWRailways NWRailways_